अमर उजाला

नकली शराब बनाते दो धरे, भारी मात्रा में शराब बरामद

मेरठ ब्यूरो Updated Thu, 06 Dec 2018 01:14 AM IST

बिहारीगढ़। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर गांव खुशहालीपुर के पास स्थित चूना भट्‌टी पर दो व्यक्तियों को नकली शराब बनाते हुए धर दबोचा। पकड़े गए व्यक्तियों के पास से भारी मात्रा में शराब के साथ ही सेंट्रो कार बरामद हुई है। थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान किया है।

बिहारीगढ़ थाना पुलिस को मंगलवार की देर शाम मुखबिर से क्षेत्र में अवैध शराब बनाने की सूचना मिली। थाना प्रभारी प्रेमवीर राणा ने टीम गठित कर गांव खुशहालीपुर के पास चूना भट्‌टी पर छापा मारा जहां पुलिस ने भारी मात्रा अवैध शराब बनाने के सामान सहित दो लोगों को धर दबोचा। थाना पुलिस ने पकड़े गये व्यक्तियों के नाम मनीष कुमार उर्फ भीम पुत्र भरत सिंह निवासी नियामतपुर थाना देवबंद व दूसरे का नाम जयकुमार उर्फ अजय पुत्र कटार सिंह निवासी रजकल्लापुर थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर बताया है। इनके पास से आठ लीटर अपमिश्रित शराब, 323 लीटर देशी शराब, 625 खाली पव्वे, 18 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का, 6 बोतल खाली, 246 ढक्कन, 50 रेपर व अन्य सामान सहित एक सेंट्रो कार भी बरामद हुई है। बरामद सामान व कार को कब्जे में लेकर थाना पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर प्रेमवीर राणा ने बताया कि पकड़ गए दोनों व्यक्ति अवैध रूप से शराब तैयार करके बेचने का काम करते थे।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/saharanpur/crime/31544039053-saharanpur-news?src=fb_share